सरयू राय
सदस्य
झारखण्ड विधान सभा
सभापति
प्रत्यायुक्त विधान समिति

आवास :
- एफ. टाईप, आवास सं०-1, ए.जी. मोड़, डोरण्डा, राँची - 834002

मोबाईल नं. : 9431114466
ई-मेल : saryuroyoffice@gmail.com
वेबसाईट : www.saryuroy.in

पत्रांक : 399/JSR/25 दिनांक : 27/06/2025

प्रबंध निदेशक,
टाटा स्टील यूआईएसएल,
जमशेदपुर।

विषय : सोनारी क्षेत्र में धीमी गति से हो रहे सीवरेज निर्माण कार्य से स्थानीय नागरिकों को हो रही परेशानियों के संबंध में।

महाशय,

मेरे विधानसभा क्षेत्र जमशेदपुर पश्चिम के अंतर्गत सोनारी के विभिन्न क्षेत्रों में टाटा स्टील यूआईएसएल के द्वारा सीवरेज निर्माण का कार्य किया जा रहा है। इन स्थलों पर सीवरेज निर्माण का कार्य काफी धीमी गति से हो रहा है। महीनों से सीवरेज निर्माण का कार्य अधूरा रहने के कारण वहाँ के निवासियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, जो निम्नलिखित हैं :–

1. सोनारी के अमृता अपार्टमेंट के अंदर सीवरेज निर्माण का कार्य अधूरा होने के कारण जल का जमाव होकर अमृता अपार्टमेंट में प्रवेश कर जा रहा है।
2. सोनारी, निर्मल बस्ती के जाहिरा कॉलोनी क्षेत्र में सीवरेज निर्माण का कार्य काफी धीमी गति से की जा रही है। बरसात का पानी जमा होकर घरों में प्रवेश कर जा रहा है, जिससे बाढ़ जैसी स्थिति बन जा रहा है।
3. सोनारी, गांधी रोड में सीवरेज निर्माण का कार्य अत्यंत धीमी गति से हो रहा है, कुछ दिनों से संवेदक के द्वारा गड्ढा खोदकर छोड़ दिया गया है, जिससे लोगों का आवागमन बाधित है।

सधन्यवाद,

भवदीय
सरयू
सरयू राय